संविधान दिवस: 2020

वस्त्र आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के कोट्स/विचार

****

वतन की यह शान है, सम्मान है,
यह देश का अभिमान है,
यह हमारा संविधान है

-विजयधर चौबे

"भारत के नागरिकों के लिए न्याय, और स्वतंत्रता,
हर जगह समरुपता एवं भाईचारा प्रदान करने वाले भारत के सर्वोच्च
विधान के स्वीकृति दिवस पर "भारतीय संविधान" के
निर्माताओं को सादर नमन"

-वैदेही जोशी

"अनेक भाषाएं, बहुतायत विधियों व हजारों विधान हैं,
जो बेमेलों को जोड वह हमारा संविधान ही है"

-रवींद्र सिंह

भारत में 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 1949 में 26 नवम्बर को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था जो 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया । डॉ. भीम राव अम्बेडकर को भारत के संविधान का जनक कहा जाता है । उन्हें 29 अगस्त को संविधान की प्रारुप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था । भारत का संविधान पूरी दुनिया मे अनोखा है और संविधान सभा द्वारा पारित करने मे लगभग 2 साल 4 महीने और 17 दिन का समय ले लिया गया ।

-संजय पाण्डेय

आज हमारे देश में जो परिस्थितयो उत्पन्न हो रही है, कि उसके लिये कुछ नियमों का लागू होना बहुत आवश्यक है । उनका पालन सक्ताई से लागू है, जो बाहर के लोग देश की आन्तरिक व्यवस्था को बिगडने का काम कर रहे, उनके लिये संविधान के अन्तर्गत सक्त से सक्त नियम लागू होने चाहिए । भारत के नागरिकों को एक सुनिश्चित स्थान मिलना चाहिए । भारत स्वतन्त्र देश है । उसमें किसी अन्य शक्ति का नियन्त्रण नहीं होना चाहिए ।

-भागीरथी चौबे

संविधान 26 नवम्बर 1949 से बनकर तैयार हुआ था । जिसे 26 जनवरी 1950 में संविधान अमल में लाया गया । जिसके निर्मात डॉ. भीम राव अम्बेडकर को कहा जाता है ।

संविधान के अनुसार ही पुरे भारत में संविधान में उल्लेखित नियमों को अमल में लाते हुए कानून का कार्य किया जाता है । 26 नवम्बर से हर साल भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है तथा इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के रुप में भी जाना जाता है ।

संविधान से ही भारतीय लोकतंत्र संचालित होना है ।

-दिलीप कुमार

भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारुप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 125 वे जयंती वर्ष के रुप में 26 नवम्बर 2015 से संविधान दिवस मनाया गया । संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 मह 17 दिन मे 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया । गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया ।

-हनी यादव